# सड़क हादसे में मां, बेटे और बहू की मौत

## ग्राम बोरखेड़ा बामन का परिवार इंदौर से लौट रहा था, रास्ते में अनियंत्रित होकर पलटी कार





- मौखा पिपलिया गांव के पास खेत में उतरकर पलटी कार
- कार में सवार दो अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा, 27 जुलाई. रविवार को देवास जिले के ग्राम चापड़ा-बिजवाड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में तहसील के ग्राम बोरखेड़ा बामन गांव निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में मां- बेटा और बहू शामिल हैं.**

जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा बामन निवासी पुरोहित-शर्मा परिवार के गोपाल शर्मा की धर्मपत्नी सुनीता शर्मा शिक्षिका आयु 55 वर्ष, अपने बड़े बेटे अभिषेक शर्मा आयु 35 वर्ष, बहू नेहा शर्मा आयु 30 वर्ष, छोटे बेटे अमितेश एवं भाई लोकेश के साथ में इंदौर से कार द्वारा वापस भैरूंदा आ रहे थे. बताया जा रहा है कि चापड़ा-बिजवाड़ के बीच में मौखा पिपलिया के पास उनकी कार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई. गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी, जिसमें सुनीता शर्मा, बेटे अभिषेक शर्मा, बहू नेहा शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं छोटे बेटे एवं भाई को इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. छोटे बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं. भाई को भी चोटें आई हैं फिलहाल उनका इलाज जारी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को गाड़ी के बाहर निकाला. मां - बेटे की मौत मौके पर ही हो गई, वहीं बहू ने अस्पताल लाते वक्त दम तोड़ा. ग्रामीणों ने बताया कि पुरोहित-शर्मा परिवार बेहद मिलनसार था. बोरखेड़ा बामन गांव उनका पैतृक गांव है, लेकिन नौकरी एवं पढ़ाई-लिखाई के लिए वे भैरूंदा में रहने लगे. त्यौहारों, अवकाश पर वे लगातार यहां आते-जाते रहते थे. गांव में हर एक व्यक्ति से वह गर्मजोशी से मिलते थे.

### एक घर से उठी तीन अर्थियां, हर आंख हुई नम

भैरूंदा तहसील का बोरखेड़ा बामन गांव, जहां पर हर दिन की तरह सब कुछ सामान्य था. लोग अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे, किसान खेतों की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान गांव में एक खबर सुनाई दी. इसके बाद गांव में पूरी तरह से मातम छा गया. लोगों तक यह खबर पहुंची वे गमगीन हो गए और सब अपने कामों को छोड़कर पुरोहित परिवार के घर पर पहुंचने लगे. गांव में पूरी तरह से मातम छा गया. पुरोहित-शर्मा परिवार पर तो वज्रपात हो गया. परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई तो वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए. जब गांव से तीनों की अर्थियां उठी तो गांव के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी की आंखें नम हो गई. गांववालों ने इससे पहले ऐसा दुख कभी नहीं देखा.

## नवांकुर सखियों ने निकाली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 27 जुलाई, सं.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड द्वारा सेक्टर झाड़मऊ ग्राम लसूडिया खेराज में हरियाली अमावस्या से पॉंच दिवसीय नवांकुर सखी- हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है, जहां मुख्य अतिथि सरपंच जगदीश पवांर, शिक्षक हीरालाल कारपेंटर, बीरम सिंह परमार समन्वयक जन अभियान परिषद, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लसूडिया खेराज अध्यक्ष सचिव सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता, सेविका मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

नवांकुर सखी - हरियाली यात्रा गीत गाते विद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम के शिव मंदिर परिसर एवं गांव का भ्रमण करते हुए पहुंचे. जिसमें पौधारोपण के प्रति जागरूक करते हुए उपस्थित सभी नवांकुर सखियों को पौधे भेंट किये गए. बीज रोपित थैली का वितरण कर पौधा बडा होने तक देख-रेख करने का आव्हान किया.

# स्कूल भवन की जर्जर छत के नीचे पढ़ने मजबूर बच्चे

## छत गिरने का बना हुआ खतरा, माध्यमिक शाला बिसलोनी भवन के बुरे हाल





नवभारत न्यूज

**पठारी, 27 जुलाई. आये दिन किसी न किसी स्कूल भवन की दीवारों या छत को लेकर दुर्घटनायें होती रहती हैं. इसके बावजूद भी शासन प्रशासन इनसे सबक नहीं ले रहा है. पठारी क्षेत्र की माध्यमिक शाला बिसलोनी का भवन लगभग 20 वर्ष पूर्व बना था और यह भवन अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है.**

छत से लगातार प्लास्टर गिरता रहता है.बारिश में छत से पानी टपकना तो आम बात हो गयी है. प्लास्टर के साथ-साथ छत का धराशायी होने का खतरा बना रहता है.इसके बावजूद भी बच्चे उन कमरों में बैठ कर पढ़ाई करने को मजबूर है.स्कूल के शिक्षक भी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी है.पलक, रविंद्र यादव ने बताया कि हम कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्लास्टर गिरने की शिकायत कर चुके हैं.परंतु कोई कार्यवाही हुयी है. स्कूल की छात्रा वैशाली यादव और सिद्धि तिवारी ने बताया की जब भी प्लास्टर गिरता है तो हम किताबों से सिर ढक लेते हैं.

> हमेशा डर के माहौल में पढ़ाई करने पर मजबूर हैं.कुछ माह पहले प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के द्वारा क्षेत्र में पुराने और खस्ता हाल स्कूल भवनों का सर्वे करवाया गया था. पुराने और खस्ता हाल भवनो में बच्चों को नहीं बिठाने के निर्देश दे दिए गए थे परंतु उनके सुधार या नए भवन निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल देखने को नहीं मिली. शाला के प्रधान अध्यापक रवि रिछारिया ने बताया कि बिल्डिंग की समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है.

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

**गुना, 27 जुलाई. जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम पाटई में शनिवार शाम एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह निर्माणाधीन भवन में काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में उसने दम तोड़ दिया।**

लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि इस गंभीर हादसे के बाद न तो पुलिस को सूचना दी गई और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान राजकुमार कुशवाह के रूप में हुई है, जो गुना शहर के संतुष्टि मॉल के पीछे का निवासी था और भवन निर्माण में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार को वह पाटई गांव में एक निर्माण स्थल पर सेंट्रिंग का काम कर रहा था, तभी शाम करीब 5 बजे सेंट्रिंग उठाते वक्त वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। जोरदार झटका लगते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में गांव में ही एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।


# कंटेनर बाइक भिड़ंत में दो की मौत

## राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर झिरा घाटी के समीप हादसा, कई वाहन एक साथ आपस में टकराए

नवभारत न्यूज

**सागर, 27 जुलाई. राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाराजपुर के आगे झिरा घाटी पर तेज रफ्तार कंटेनर ने सामने से आ रहे बाइक सवार युवकों को कुचल दिया. इसके बाद बाइक को 15 फीट घसीटते हुए ले गया. हादसे में दो युवकों और दो गायों की मौत हो गई. एक युवक का सिर धड़ से अलग हो गया, एक घंटे तक शव सड़क पर ही पड़े रहे.**

मिली जानकारी के अनुसार सागर-नरसिंहपुर नेशनल हाईवे पर झिरा घाटी पर कंटेनर सागर से नरसिंहपुर की ओर से आ रहा था. घाटी में पहुंचते ही बेकाबू हो गया, हादसे के बाद पीछे से आ रहे 5 अन्य वाहन भी आपस में भिड़ गए. इनमें हाईवा, पिकअप और 2 कार शामिल थी. इसमें एक महिला समेत दो लोग घायल हुए, इन्हें प्राथमिक इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है.



> मृतकों में सागर जिले के मढ़ पिपरिया निवासी सतीश (28) और अजय लोधी (26) शामिल हैं. हादसे के बाद कुछ देर हाईवे पर जाम लगा रहा. सुआतला थाना प्रभारी बीएल बनवारी ने बताया कि कंटेनर ने तेज रफ्तार में बाइक को टक्कर मारी. आपस में टकराकर अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया, ड्राइवर कंटेनर लेकर भाग रहा था, पुलिस ने उसे पकड़ लिया है.




# प्राकृतिक उत्पाद खरीदने उमड़ रहे लोग

**टीकमगढ़, 27 जुलाई.** कलेक्टर के निर्देशानुसार जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के हाट बाजार का आयोजन सर्किट हाउस के पास जैविक उगाए जैविक खाए स्वस्थ और समृद्ध जीवन पाए की थीम के आधार पर किया गया। प्राकृतिक उत्पाद खरीदने की ओर अब लोगों का रूझान बढ़ने लगा है। जिससे उत्पादों की बिक्री में निरंतर इजाफा हो रहा है।

हाट बाजार में कृषकों द्वारा उत्पादित जैविक सब्जियां, फल, खजूर का गुड़, गाय का शुद्ध घी, शहद सहित अन्य विभिन्न उत्पादों को विक्रय के लिए लाया गया।

## सड़क हादसे में कावड़िये ने तोड़ा दम

**बहादुरपुर.** थानाक्षेत्र के करीलाधाम के पास शनिवार को एक अज्ञात मोटरसाईकिल की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। युवक कांवड़ लेकर आया था। युवक की मौत का एक कारण उसे देर से चिकित्सकीय सहायता मिलना भी रहा। क्योंकि करीला में प्राथमिक उपचार की कोई सुविधा है नहीं और निकटतम गांव विदिशा जिले के बामौरीशाला में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। ऐसे में युवक के साथी ने 108 पर फोन किया। यह वाहन भी 6 घंटे की देरी से मौके पर पहुंचा, तब तक युवक का काफी खून बह चुका था।

दरअसल, मुंगावली कस्बे के कई युवक कुछ दिनों पहले उज्जैन गए हुए थे, जिन्होंने उज्जैन की क्षिप्रा नदी से कांवड़ भरीं और वापिस लौट रहे थे।

# एडीजी राय ने कहा- संवेदनशील मामलों में देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

- एसपी चेंबर में एडीजी ने एसटी-एसटी सहित राहत प्रकरणों की समीक्षा की



**छतरपुर, 27 जुलाई. एसपी कार्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीजी आशुतोष राय ने छतरपुर रेंज के 4जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में लंबित अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों एवं राहत वितरण मामलों की विस्तार से समीक्षा की.**

एडीजी राय ने कहा कि संवेदनशील मामलों में देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जवाबदेही तय की जाएगी. बैठक में एडीजी ने संबंधित अधिकारियों को मामलों के शीघ्र निपटारे और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय दिलाना और पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है. बैठक में एसपी अगम जैन समेत जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

## एक नजर में




### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण

**सागर.** एडिना फार्मेसी कॉलेज एवं जिला आयुष विभाग के तत्वाधान में वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया. आयुष विभाग से डॉ आशीष पटेल, डॉ सुरभि सारंगपुरे ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण की. एडिना के विद्यार्थियों ने सहयोग दिया. डायरेक्टर डॉ सुनील जैन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को समाज एवं परिवार के प्रति दायित्वो को समझने में मदद करती हैं. शिविर में प्राचार्य डॉ प्रतीक जैन, शिक्षक डॉ वसंत खरे, साक्षी जैन, शैलजा यादव, प्रखर नेमा, हरिओम कुर्मी भी उपस्थित रहे. शिविर संयोजक राहुल सिंह ठाकुर ने जिला आयुष अधिकारी डॉ जोगेंद्र सिंह ठाकुर का आभार माना.

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम से होगी प्रवेश प्रक्रिया

**टीकमगढ़.** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं। संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ईब्डल्यूएस कोटा को छोड़कर सभी सीट्स भर चुकी है एवं कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी सीमित सीट्स बची हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी है।

### शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल.** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय शाहपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास रिफ्रेशर प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बैचवार आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक द्वारा मीना सातनकर और इंद्रसेन नागले प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर राजेश भट्ट, गणेश कुमरे ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया।




### कारगिल विजय दिवस पर किया भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान

**सीहोर.** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा कारगिल और द्रास की चोटियों पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. वहीं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया. चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव बताया कि देश के वीर शहीदों के नाम पर रविवार को भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया. तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क किनारे फल, फूल व औषधीय पौधे रोपित किए गए एवं उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए. साथ ही डॉ. नामदेव ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, राजकुमार गुप्ता, गौरव सन्नी महाजन, सीताराम यादव, सुदीप प्रजापति, गोपाल सोनी, बृजमोहन सोनी, संजय कुलकर्णी, हुकम सिंह वर्मा, मुकेश इटावदिया, बैरागी, रवि पारे, घनश्याम यादव सहित पूर्व सैनिक उपस्थित थे.

# हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटा, बंद रहा रेलवे ट्रैक

- केबल टूटने से कई ट्रेनें हुई प्रभावित
- अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रही गाड़ियां



नवभारत न्यूज

**बैतूल, 27 जुलाई. बैतूल में नई दिल्ली-चेन्नई रेलवे ट्रैक पर हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटकर ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन पर गिर गया।**

इससे नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। इस दौरान 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। जानकारी के अनुसार घटना रविवार तड़के 3 बजे कोसमी इंडस्ट्रियल एरिया के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। 4 घंटे की मशक्कत के बाद करीब 7 बजे डाउन ट्रैक (दिल्ली से चेन्नई) पर सुधार किया गया, जिसके बाद यातायात बहाल कर दिया गया। वहीं, सुबह 8 बजे अप ट्रैक (चेन्नई से दिल्ली) भी शुरू कर दिया गया। केबल गार्ड टूटने के तुरंत बाद रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञ, निरीक्षण दल और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गए। सुधार कार्य के दौरान दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया।

### चेन्नई की ओर जाने वाली ये ट्रेनें देरी से चल रहीं

राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे, दूरंतो एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, जबलपुर एक्सप्रेस 2 घंटे, पातालकोट एक्सप्रेस 3 घंटे, गोंडवाना एक्सप्रेस साढ़े 3 घंटे, एपी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा और जयंती एक्सप्रेस ढाई घंटा देरी से चल रही हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार केबल गार्ड टूटने से नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। पेंचवेली एक्सप्रेस को पांच घंटे बैतूल स्टेशन पर रोका गया। समता एक्सप्रेस मलकापुर 4 घंटे, त्रिकुल एक्सप्रेस ढाई घंटे, जयंती एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से चली।

# एटीएम से निकल रहे फटे-पुराने नोट, परेशान लोग

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 27 जुलाई, सं. भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जीरापुर ब्रांच द्वारा हिताची पेमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का नगर मे स्थित एटीएम मे केश डालने का यहां पर काम दिया है परंतु इन ऑडियो में जो कैसे डाला जाता है वह डैमेज कैसे डाला जाता है कोई नोट में टेप लगी हुई है तो किसी नोट में लीड से लिखा हुआ है किसी में हल्दी का कलर लगा हुआ है कोई नोट फटे हुए हैं कैश लोड करने वाली कंपनी कैश डालकर अपने काम की इतिश्री कर लेती है.**

कटे-फटे या गन्दे नोट जब उपभोक्ता को एटीएम से मिलते हैं तो वह परेशानी का कारण बनता है. हाल ही में एक व्यक्ति ने एटीएम मशीन से नकदी राशि निकाली, जिसमें उसे एक या एक से अधिक खराब नोट प्राप्त हुए. गुरुवार की रात्री मे सुसनेर रोड पर स्थिति एटीएम से रात्री 8.35 पर उपभोक्ता ने 20 हजार रुपये निकाले तो उसमे 3 नोट डेमेज व पेन से लिखे हुऐ निकले. वह 15 सौ रूपये बदलाने के लिए अब अपना समय बर्बाद करके खिलचीपुर जाएगा.

धर्म

## सावन का तीसरा सोमवार आज, गूंजेंगे बम-बम भोले के जयकारे

# कावड़िये आज नर्मदा जल से करेंगे शिवजी का अभिषेक

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 27 जुलाई. सावन माह में धर्म स्थलों व घरों में भगवन भोलेनाथ के जयकारे गूंज रहे हैं. श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ भगवान भोले की आराधना कर रहे है. भजन, कीर्तन, अखण्ड पाठ आदि आयोजन किए जा रहे है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं. सावन के तीसरे सोमवार को नगर व अंचल के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा. शिवालयों में पहुंच कर श्रद्धालु भगवान शिव की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना आराधना करेंगे.**

नर्मदा तट बौरास घाट से पवित्र पावनी नर्मदा नदी का जल कांवड़ में भर कर प्रतिदिन बड़ी संख्या में जयकारा लगाते हुए कांवड़िये नगर की सड़कों से निकल रहे हैं. भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िये नंगे पैर आस्था व निष्ठा के साथ कांवड़ कंधे पर रख कर जयकारा लगाते हुए निकलते हैं तो समूचा माहौल भगवान शिव की भक्ति में डूबता नजर आता है. नगर के बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर के हॉल में तथा शनि मंदिर परिसर में रात्रि के समय कांवड़ यात्रियों के विश्राम की व्यवस्था भी की गई है.




### श्रद्धालु कर रहे पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

सिलवानी नगर के वार्ड क्रमांक 1 में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. जहां पर श्रद्धालु श्रद्धा के साथ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं. यहां पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर खेरापति पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि सावन मास में शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा अर्पित करने से जन्मों के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख शांति का वास होता है. उन्होंने कहा कि महादेव को यदि श्रद्धा से केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए तो वे प्रसन्न होकर जीवन की हर बाधा दूर कर देते हैं. सुबह पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण, दोपहर में पूजन पाठ और रुद्राभिषेक के बाद शाम को इन पार्थिव शिवलिंगों को प्रवाहित जल में विसर्जित कर दिया जाता है.